प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि, उज्ज्वला लाभार्थियों पर भी लागू होगी बढ़ी हुई दर, रांची में कल से नौ सौ दस रुपये 60 पैसे में मिलेगा एलपीजी सिलेंडर।
- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में मुख्यमंत्री से की मुलाकात, झारखंड में पहली बार 19 और 20 अप्रैल को होने वाले वायुसेना के एयरशो में सम्मिलित होने का दिया आमंत्रण।
- झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाले के 18 अभियुक्तों को दी अग्रिम जमानत, सीबीआई के विरोध को किया अस्वीकार।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज बदलेगा मौसम, 10 अप्रैल तक अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी।
- जेएससीए अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता कल से चाईबासा में, उदघाटन मैच में बोकारो और लोहरदगा के बीच होगी भिड़ंत।

**********************

केन्द्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में बताया कि घरेलू और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई है। श्री पुरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का भी निर्णय लिया है। लेकिन, तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि दोनों पेट्रोलियम उत्पादों के खुदरा मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं होगी। श्री पुरी ने बताया कि उत्पाद शुल्क में वृद्धि का प्रभाव उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा।

**********************

घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी के बाद रांची में कल से 14.200 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत नौ सौ दस रुपये पचास पैसे हो जायेगी। आज तक रांची में घरेलू गैस सिलेंडर आठ सौ साठ रुपये पचास पैसे में मिल रहा था।

**********************

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। श्री सेठ ने झारखंड में पहली बार रांची में 19–20 अप्रैल को हो रहे रहे भारतीय वायुसेना के एयर शो में सम्मिलित होने का उन्हें आमंत्रण दिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि एयर शो का पहला दिन स्कूली बच्चों को समर्पित किया जायेगा, ताकि उनके भीतर सेना में जाने का जज्बा कायम हो।

**********************

बोकारो जिले में विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रबुद्ध जन गोष्ठी – राष्ट्र किस ओर, का आयोजन किया गया। नया मोड़ स्थित बिरसा आश्रम में आयोजित गोष्ठी में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांदे ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि मतांतर और घुसपैठ झारखंड समेत पूरे देश की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में 18 अभियुक्तों को अग्रिम जमानत दे दी है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद इस मामले में हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गयी थी। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अग्रिम जमानत का विरोध किया गया लेकिन कोर्ट ने इसे अस्वीकार करते हुए अभियुक्तों की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली।

**********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कुपोषण को दूर करने की सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता के तहत कल से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण मनाएगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से चार विषयों पर जोर दिया जाएगा। ये विषय हैं जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली।

**********************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। वित्तीय समावेशन को सुगम और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को इसकी शुरुआत की थी। झारखंड में भी मुद्रा योजना स्वरोजगार सृजन का माध्यम बन गयी है। एक रिपोर्ट–

**********************

इधर, रांची में भी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से कई लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से मौसम में परिवर्तन की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि रांची, खूंटी, रामगढ़, गुमला और हजारीबाग में आज तेज हवा और गरज के साथ बारिश हो सकती है। कल दक्षिण और उत्तर–पूर्वी जिलों में वज्रपात और 30–40 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। नौ अप्रैल के लिए भी मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में अंतर ज़िला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता कल से शुरु हो रही है। इस प्रतियोगिता में ग्रुप–बी के सारे लीग मैच चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में ही खेले जाएंगे। इसके अलावा सुपर डिवीजन के तीन मैच तथा फाइनल मैच भी चाईबासा में ही खेला जाएगा। झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा जारी टाई सीट के अनुसार उद्घाटन मैच में 8 अप्रैल को बोकारो का मुकाबला लोहरदगा से होगा।

*********समाप्त*************